# 3 (Sem-3/CBCS) HIN-HG/RC

## 2023

## HINDI

## ( Honours Generic/Regular )

Paper : HIN-HG/RC-3016

( आधुनिक हिन्दी कविता )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) 'आँख का आँसू' कविता के कवि कौन हैं?

(ख) मैथिलीशरण गुप्त किस युग के कवि हैं?

(ग) 'हिमकिरीटनी' के कवि कौन हैं?

(घ) महादेवी वर्मा के अनुसार 'दीपक' का अर्थ क्या है?

(ङ) 'अंधायुग' किसकी रचना है?

(च) 'पंचवटी में लक्ष्मण' कविता में उल्लिखित धनुर्धर कौन है?

(छ) 'मेरे नाविक' कविता में नाविक कौन है?

(ज) 'झरना' के कवि कौन हैं?

(झ) माखनलाल चतुर्वेदी के अनुसार युग-पुरुष कौन है?

(ञ) हालावाद के प्रवर्तक कौन हैं?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं का मूल स्वर क्या है?

(ख) 'मधुर हैं स्रोत मधुर हैं लहरी'—कवि क्या कहना चाहते हैं?

(ग) हरिऔध की कविता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(घ) बच्चन की किन्हीं दो काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) 'रोटी और संसद' कविता में उल्लिखित पहला और दूसरा आदमी कौन है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'आँख का आँसू' शीर्षक कविता में निहित भाव को स्पष्ट कीजिए।

(ख) पंचवटी में वर्णित प्रकृति-सौन्दर्य को अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) "लघु जीवन लेकर आए हैं,
प्याले टूटा ही करते हैं
फिर भी मदिरालय के अंदर
मधु के घट हैं मधुप्याले हैं।"
—का भाव स्पष्ट कीजिए।





(घ) 'टूटा हुआ पहिया' कविता के माध्यम से कवि की अभिव्यक्ति को अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) 'झरना' कविता का आशय स्पष्ट कीजिए।

(च) 'साँप' किसका प्रतीक है? स्पष्ट कीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

आँख का आँसू ढलकता देखकर
जी तड़प करके हमारा रह गया।
क्या गया मोती किसी का है बिखर,
या हुआ पैदा रत्न कोई नया?

**अथवा**

मधुर-मधुर मेरे दीपक जल!
युग-युग प्रतिदिन प्रतिक्षण प्रतिपल,
प्रियतम का पथ आलोकित कर!

(ख) पठित कविताओं के आधार पर महादेवी वर्मा की काव्य-संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

अज्ञेय की कविताओं के प्रमुख स्वरों को रेखांकित कीजिए।

(ग) "माखनलाल चतुर्वेदी की कविता का मूल स्वर देशप्रेम और राष्ट्रीय जागरण है।" पठित कविता के आधार पर विवेचन कीजिए।

**अथवा**

कथ्य और अभिव्यक्ति की दृष्टि से धूमिल की 'रोटी और संसद' शीर्षक कविता की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'मेरे नाविक' कविता के आधार पर जयशंकर प्रसाद की काव्य-प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'पंचवटी में लक्ष्मण' शीर्षक कविता के आधार पर लक्ष्मण के चरित्र के विविध रूपों पर आलोकपात कीजिए।

★★★